# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ नगर में कल सुबह होने वाले अमृत स्नान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहां बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं का आना जारी है। प्रदेश सरकार ने महाकुंभ क्षेत्र को विशिष्ट अतिथि रहित जोन घोषित कर दिया है। पुलिस महानिरीक्षक पीएसी प्रयागराज के प्रभारी राजीव नारायण मिश्रा ने हमारे संवाददाता को बताया कि वहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किये गये हैं।

***मौनी अमावस्या का पर्व और आगे जितने भी आसन्न पर्व हैं उनमें उनमे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पीएसी बल को बहुत सारे साधन संसाधन उत्तर प्रदेश सरकार से माननीय योगी जी के निर्देश के क्रम में प्राप्त हुए हैं। जिसमें की पहली बार हम लोग बात करते हैं तो अंडर वाटर ड्रोन हम लोग प्रयोग कर रहे हैं। महाकुंभ में इससे पहले कभी इसका प्रयोग नहीं हुआ है।***

मेला क्षेत्र में पचास हजार से अधिक पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। तीन हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनमें तीन सौ अट्ठाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सक्षम कैमरे हैं। प्रदेश सरकार के अनुसार महाकुंभ में तेरह जनवरी से आज तक करीब पंद्रह करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर पवित्र संगम में स्नान कर चुके हैं। मौनी अमावस्या पर कल नौ से दस करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**********

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली उत्तर प्रदेश के झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया है। महाकुंभ दो हजार पचीस पर आधारित प्रदेश की झांकी को चालीस प्रतिशत वोट मिले। दूसरे स्थान पर गुजरात की झांकी रही जिसे पैंतीस प्रतिशत वोट प्राप्त हुए है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व बैंक के सहयोग वाली यह परियोजना चार हजार करोड़ रूपये की है। इसके पहले चरण में यूपी के आठ कमिश्नरी के अट्ठाइस जिले चुने गये हैं।

**********

केन्द्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डाक्टर जितेन्द्र सिंह ने आज लखनऊ में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद–भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–आईआईटीआर) के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान पर आधारित एक डाक टिकट भी जारी किया। समारोह में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस संस्थान की अबतक की यात्रा बेहद गौरवपूर्ण रही है और यह अपनी कार्य प्रणाली से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

**********

प्रदेश के बागपत जिले के बड़ौत में अस्थायी मंच गिरने और उसके बाद मची भगदड़ में करीब सात लोगों की मौत हो गई है। हादसे में चालीस से अधिक लोग घायल हो गये। यह दुर्घटना उस समय हुई जब जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू पर्व के अवसर पर श्रद्धालु धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए मंच पर चढ़ रहे थे। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि घायलों को अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

***आज जैन समाज का एक कार्यक्रम था बड़ौत में सिक्वल स्कूल में जो पिछले तीस सालों से हर साल होता है। और यहां पर एक वूडेन स्ट्रक्चर था जो कोलैप्स हो गया, अराउंड चालीस लोग हैं जो घायल हुए हैं। और उन सभी को 108 एम्बुलेंस जो ससमय मौके पर वहां पर पहुंच गई थी, सबको हॉस्पिटल पहुंचा दिया गया है। और बीस लोगों का प्रथम उपचार करके उनको घर भेज दिया गया है। बाकी बीस लोगों का उपचार अभी चल रहा है।***

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

**********

देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के हेतिमपुर के समीप कल देर रात एक मोटरसाइकिल के ट्रक से टकरा जाने से मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। चारों युवक एक समारोह से लौट रहे थे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में अगले तीन दिनों तक कोहरे की चेतावनी दी है। इस बीच मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए कुशीनगर के जिलाधिकारी ने कक्षा एक से नौ तक के सभी विद्यालयों में कल और तीस जनवरी को शिक्षण कार्य बंद रखने के आदेश दिये हैं।

**********